चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| अजीत समाचार | 8-9.25 | 5 | 1-3 |


# हकृवि में मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

हिसार, 7 सितम्बर (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के विभिन्न 6 राज्यों के 86 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

यह जानकारी देते हुए संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के मार्गदर्शन में किसानों एवं युवाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए समय-समय पर मधुमक्खी पालन, केंचुआ खाद उत्पादन, फल-सब्जी परिरक्षण तथा कृषि में ड्रोन की उपयोगिता जैसे प्रशिक्षण दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि मशरूम उत्पादन तकनीक के प्रशिक्षण में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, दिल्ली तथा हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि मशरूम उत्पादन एक पर्यावरण अनुकूल गतिविधि है जो खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ युवाओं को बेहतर रोजगार भी उपलब्ध कराती है। भूमिहीन किसान और युवा कम लागत में यह व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। प्रशिक्षण का समन्वय डॉ. सतीश कुमार महता ने किया।



वैज्ञानिक प्रतिभागियों के साथ।

संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. संदीप भाकर ने हरियाणा सरकार के बागवानी विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को दिए जाने वाले अनुदान के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पंजाब नेशनल बैंक के एलडीएम विनोद शर्मा ने बैंक ऋण सुविधा एवं सरकारी अनुदान योजनाओं के बारे में भी बताया। प्रतिभागियों को डॉ. राकेश कुमार चुघ, डॉ. जगदीप सिंह, डॉ. विकास कांबोज, डॉ. सरोज यादव, डॉ. पवित्रा, डॉ. डीके शर्मा, डॉ. भूपेन्द्र सिंह, तथा डॉ. विकाश हुड्डा ने विभिन्न विषयों के बारे में अपने-अपने व्याख्यान दिए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 8.9.25 | 4 | 7-8 |


## एचएयू में मशरूम उत्पादन तकनीक पर 3 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न, 86 प्रतिभागी थे



भास्कर न्यूज | हिसार

एचएयू के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें 6 राज्यों के 86 प्रतिभागियों ने भाग लिया। संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के मार्गदर्शन में किसानों एवं युवाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए समय-समय पर मधुमक्खी पालन, केंचुआ खाद उत्पादन, फल-सब्जी परिरक्षण तथा कृषि में ड्रोन की उपयोगिता जैसे प्रशिक्षण दिए जाते हैं। भूमिहीन किसान और युवा कम लागत में यह व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। प्रशिक्षण का समन्वय डॉ. सतीश कुमार महता ने किया।

संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. संदीप भाकर ने हरियाणा सरकार के बागवानी विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को दिए जाने वाले अनुदान के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पंजाब नेशनल बैंक के एलडीएम विनोद शर्मा ने बैंक ऋण सुविधा एवं सरकारी अनुदान योजनाओं के बारे में बताया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 8.9.25 | 3 | 7-8 |

# हकृवि में मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण संपन्न

हिसार, 7 सितम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के विभिन्न 6 राज्यों के 86 प्रतिभागियों ने भाग लिया। संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि प्रतिभागियों को डॉ. राकेश कुमार चुघ, डॉ. जगदीप सिंह, डॉ. विकास कांबोज, डॉ. सरोज यादव, डॉ. पवित्रा, डॉ. डीके शर्मा, डॉ. भूपेन्द्र सिंह, तथा डॉ. विकाश हुड्डा ने विभिन्न विषयों के बारे में अपने-अपने व्याख्यान दिए।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 8-9-25 | 5 | 8 |

# मशरूम उत्पादन तकनीक पर कार्यशाला संपन्न

हिसार, 7 सितंबर (हप्र)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के विभिन्न 6 राज्यों के 86 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के मार्गदर्शन में किसानों एवं युवाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए समय-समय पर मधुमक्खी पालन, केंचुआ खाद उत्पादन, फल-सब्जी परिरक्षण तथा कृषि में ड्रोन की उपयोगिता जैसे प्रशिक्षण दिए जाते हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 8.9.25 | 12 | 7.8 |

# हकृवि में मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण दिया



हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के विभिन्न 6 राज्यों के 86 प्रतिभागियों ने भाग लिया। संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि मशरूम उत्पादन तकनीक के प्रशिक्षण में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, दिल्ली तथा हरियाणा के विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का समन्वय डॉ. सतीश कुमार महता ने किया। संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. संदीप भाकर ने हरियाणा सरकार के बागवानी विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को दिए जाने वाले अनुदान के बारे में जानकारी दी। प्रतिभागियों को डॉ. राकेश कुमार चुघ, डॉ. जगदीप सिंह, डॉ. विकास कांबोज, डॉ. सरोज यादव, डॉ. पवित्रा, डॉ. डीके शर्मा, डॉ. भूपेन्द्र सिंह, तथा डॉ. विकाश हुड्डा ने विभिन्न विषयों के बारे में अपने-अपने व्याख्यान दिए।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष | 7.9.2025 | --- | -- |

# हकृवि में मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न




-पाठकपक्ष न्यूज-

हिसार, 7 सितम्बर : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के विभिन्न 6 राज्यों के 86 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

यह जानकारी देते हुए संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के मार्गदर्शन में किसानों एवं युवाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए समय -समय पर मधुमक्खी पालन, केंचुआ खाद उत्पादन, फल-सब्जी परिरक्षण तथा कृषि में ड्रोन की उपयोगिता जैसे प्रशिक्षण दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि मशरूम उत्पादन तकनीक के प्रशिक्षण में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, दिल्ली तथा हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि मशरूम उत्पादन एक पर्यावरण अनुकूल गतिविधि है जो खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ युवाओं को बेहतर रोजगार भी उपलब्ध कराती है। भूमिहीन किसान और युवा कम लागत में यह व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। प्रशिक्षण का समन्वय डॉ. सतीश कुमार महता ने किया। संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. संदीप भाकर ने हरियाणा सरकार के बागवानी विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को दिए जाने वाले अनुदान के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पंजाब नेशनल बैंक के एलडीएम विनोद शर्मा ने बैंक ऋण सुविधा एवं सरकारी अनुदान योजनाओं के बारे में भी बताया। प्रतिभागियों को डॉ. राकेश कुमार चुघ, डॉ. जगदीप सिंह, डॉ. विकास कांबोज, डॉ. सरोज यादव, डॉ. पवित्रा, डॉ. डीके शर्मा, डॉ. भूपेन्द्र सिंह, तथा डॉ. विकाश हुड्डा ने विभिन्न विषयों के बारे में अपने-अपने व्याख्यान दिए।